2025/146

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी	**बनाम**	**अप्रार्थी**
हरलाल		सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 119/2025

–::आदेश::– **दिनांकः–** 9/3/25

प्रार्थी **हरलाल** पुत्र श्री **हेमाराम** जाति **जाट** निवासी **ओलवी** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरुस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राजस्व ग्राम **ओलवी** की जमाबंदी संवत् **2076 से 2079** के खाता सं. 706 के खसरा नंबर **152** में दर्ज अशुद्ध नाम **हरलाल** पुत्र **हेमाराम** जाति **जाट** निवासी **ओलवी हिस्सा 1/20 व 1/5** का शुद्ध नाम **हरलाल** पुत्र **हेमाराम** जाति **जाट** निवासी **ओलवी हिस्सा 1/4** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर. एक्ट का स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी,
बिलाडा